**सं.डीएसआईआर/एमएस/2021/10**

भारत सरकार

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय

वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग

मंत्रिमंडल हेतु मासिक सार

( **वर्ष** 2021 के **अक्टूबर माह** हेतु )

(भाग-। अवर्गीकृत)

**<u>अक्टूबर, 2021 माह के दौरान प्रमुख उपलब्धियां:</u>**

**वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर)**

**विकसित/हस्तांतरित नवीन प्रौद्योगिकियां/प्रक्रियाएं**

- सीएसआईआर-सीएसएमसीआरआई ने मिश्रित धातु ऑक्साइड उत्प्रेरक का उपयोग करके $CO_2$ हाइड्रोजनीकरण से फॉर्मिक एसिड के विरचन हेतु एक प्रक्रिया विकसित की ।
- सीएसआईआर-एनआईआईएसटी ने वेस्ट मोल्ड सैंड का उपयोग करके ईंटों के निर्माण से संबंधित प्रौद्योगिकी को हस्तांतरित किया । इस प्रौद्योगिकी को मेसर्स ऑटोकास्ट लिमिटेड, चेरथला, केरल को लाइसेंसीकृत किया गया ।
- सीएसआईआर-एनआईआईएसटी ने सेब के पेड़ की छँटाई से जैव निम्नीकृत कटलरी बनाने की प्रौद्योगिकी को मेसर्स हिमजॉय इंटरप्राइज़ेज प्राइवेट लिमिटेड, शिमला को हस्तांतरित किया ।
- सीएसआईआर-आईआईसीटी ने पॉडोफिलोटॉक्सिन को 4'-डी मिथाइल एपि-पोडोफिलोटॉक्सिन में बदलने की प्रक्रिया को नैमिएक्स केमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड, पठानकोट को हस्तांतरित किया ।
- सीएसआईआर-सीएसआईओ ने माह के दौरान निम्नांकित प्रौद्योगिकियों को हस्तांतरित किया:
    - मेसर्स टिसीऑन-एलएलपी, मेसर्स एल्फा लीनियर को कमरों और स्थानों के लिए स्टैंडअलोन यूवी वायु कीटाणुशोधन प्रणाली (स्टैंडअलोन यूवी एयर डिसइंफेक्शन सिस्टम)
    - मेसर्स एल्फा लीनियर को ऐलिवेटरो, शौचालयों आदि के लिए यूवीसी डिसइंफेक्शन सर्क्युलेटिंग एयरफ्लो सिस्टम ।
    - मेसर्स भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल), पंचकुला को एलसीए तेजस-भारतीय वायु सेना के लिए संबद्ध टेस्ट रिग्स के साथ एलईडी आधारित एनवीजी कम्पैटिबल

विंग और फिन नेविगेशन लाइट्स, टैक्सी और लैंडिंग लाइट्स (टीएलएल) तथा ड्रोग लाइट्स ।

- सीएसआईआर-सीएफटीआरआई ने मल्टीग्रेन पास्ता और फली आधारित पास्ता को बनाने की प्रक्रिया को मेसर्स हेल्स फूड्स, मुंबई को हस्तांतरित किया ।

**हस्ताक्षरित सहयोग/करार/समझौता ज्ञापन (राष्ट्रीय)**

- सीएसआईआर-एनजीआरआई और आईआईएसईआर, भोपाल ने पृथ्वी विज्ञान के उभरते क्षेत्रों में वैज्ञानिक प्रयासों को समृद्ध बनाने के लिए एक ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए ।
- सीएसआईआर-एनजीआरआई और भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने अपने समुद्री और तटीय सर्वेक्षण प्रभाग के माध्यम से दोनों पक्षों के संसाधनों का उपयोग करके जीएसआई द्वारा प्राप्त उच्च-स्तरीय मल्टी-चैनल भूकंपीय डेटा के लिए अत्याधुनिक भूकंपीय डेटा प्रसंस्करण तकनीकों और उनके अनुप्रयोगों पर एक सहयोगात्मक कार्य हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए ।
- सीएसआईआर-नीरी और महाराष्ट्र ऐनीमल एंड फिशरी साइंसेज़ यूनीवर्सिटी ने पर्यावरण विज्ञान और इंजीनियरिंग में सहयोगात्मक अनुसंधान कार्य हेतु एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए ।
- सीएसआईआर-नीरी और नागपुर नगर निगम (एनएमसी), नागपुर ने नागपुर शहर के वायु गुणवत्ता प्रबंधन हेतु क्षमता निर्माण और तकनीकी सहायता के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- सीएसआईआर-आईआईसीटी ने निम्नवत समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए:
    - सुगंधित औद्योगिक बहिःस्राव के एमईई कंडेनसेट के उपचार हेतु एक मेम्ब्रेन पायलट प्लांट के डिजाइन के लिए यूके एरोमैटिक्स एंड केमिकल्स, मुंबई के साथ ।
    - क्विनोन के क्षारीकरण हेतु प्रक्रिया की तकनीकी जानकारी के लिए सृजना बायोफार्मा, हैदराबाद के साथ ।
    - रसायन और ईंधन में $CO_2$ की माइक्रोबियल उत्प्रेरित कमी के लिए टाटा स्टील लिमिटेड, जमशेदपुर के साथ
    - ऐक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रीडिएन्ट्स, इंटरमीडिएट्स और पेलेटाइजेशन के क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों में सहयोग हेतु रैवूस लेबोरेटरीज़ लिमिटेड, हैदराबाद के साथ ।

    - सीएसआईआर-आईआईसीटी के औषध विज्ञान विभाग में पशुओं पर अध्ययन करने में सहयोग प्रदान करने के संबंध में नैटको फार्मा के साथ ।
- सीएसआईआर-आईएचबीटी ने निम्नवत समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए:
    - औषधीय पौधों और जड़ी-बूटियों की गुणवत्तापूर्ण रोपण सामग्री के उत्पादन की सुविधा हेतु पक्षों के बीच पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग बढ़ाने के लिए नेशनल मेडिसिनल प्लांट्स बोर्ड, आयुष मंत्रालय, के साथ ।
    - हिमाचल प्रदेश के चयनित क्षेत्रों में आजीविका संवर्धन और ग्रामीण विकास के उद्देश्य से पारस्परिक शक्ति और लाभ के सिद्धांतों के आधार पर रणनीतिक और कार्यान्वयन सम्बन्धी भागीदारी हेतु एचपी एग्रो इंडस्ट्रीज कॉर्पोरेशन लिमिटेड, शिमला, हिमाचल प्रदेश के साथ ।
    - कृषि प्रौद्योगिकी, औषधीय और सुगंधित पौधे, नैनो प्रौद्योगिकी, जैव सूचना विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, सूक्ष्म जीव विज्ञान, खाद्य प्रसंस्करण, जैव रासायन विज्ञान, पुष्प कृषि, और जैव विविधता में पारस्परिक हित से संबंधित क्षेत्रों में संयुक्त अनुसंधान कार्य किए जाने हेतु शेर-ए-कश्मीर यूनीवर्सिटी ऑफ ऐग्रीकल्चरल साइंसेज़ एंड टेक्नोलॉजी ऑफ जम्मू, छठा, जम्मू के साथ ।
    - दालचीनी (*सिनेमोमम वेरम*) की खेती में अनुसंधान, जन प्रसार, क्षमता निर्माण और कौशल विकास गतिविधियों द्वारा नवाचारों के हस्तांतरण के माध्यम से हिमाचल प्रदेश में कृषि आय, आजीविका संवर्धन और ग्रामीण विकास में वृद्धि के उद्देश्य से परस्पर शक्ति एवं लाभों के सिद्धान्तों के आधार पर रणनीतिक व कार्यान्वयन संबंधी भागीदारी हेतु आईसीएआर-इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ स्पाइसेज़ रिसर्च, कोझीकोड के साथ समझौता ज्ञापन ।
- सीएसआईआर-सीबीआरआई ने तकनीकी समीक्षा से पूर्व श्री बद्रीनाथ स्थल निरीक्षण का कार्य शुरू करने के लिए लोक निर्माण विभाग के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए ।
- सीएसआईआर-सीसीएमबी ने एनसीबीएस के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए: सार्क-कोव-2 वेरिएंट को ट्रैक करने के लिए रोगज़नक़ जीनॉमिक्स को आगे बढ़ाने और परियोजना कोविड-19 के लिए रॉकफेलर फाउंडेशन से जनहितैषी वित्तीय सहायता के एक अंश के रूप में जैव सूचना विज्ञान और वैश्विक डेटा के साझाकरण में तेजी लाने के लिए कंसॉर्टियम ऑफ आर एंड डी रिसर्च एंड क्लीनिकल इंस्टिट्यूशन्स के साथ ।
- रुचि के विशिष्ट क्षेत्रों में संभावित सहयोगात्मक अनुसंधान कार्यक्रमों का पता लगाने के लिए सीएसआईआर-सीडीआरआई और केरल विश्वविद्यालय के बीच संस्थागत जुड़ाव को बढ़ावा देने के संबंध में सीएसआईआर-सीडीआरआई और केरल विश्वविद्यालय, तिरुवनंतपुरम के बीच एक समझौता ज्ञापन किया गया ।

- सीएसआईआर-सीएफटीआरआई ने खाद्य पैकेजिंग के अत्याधुनिक क्षेत्रों में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिए इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ पैकेजिंग, मुंबई के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए ।
- सीएसआईआर-सीआईएमएफआर ने कोयला नमूनाकरण कार्य (कोल सैम्पलिंग वर्क) के लिए निम्नवत त्रिपक्षीय करारों पर हस्ताक्षर किए:
  - वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, सिविल लाइन्स, नागपुर और नाभा पॉवर लिमिटेड, गांव नालाश के पास, राजपुरा, जिला: पटियाला, पंजाब के साथ ।
  - वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, सिविल लाइन्स, नागपुर और जीएमआर, वरोरा एनर्जी लिमिटेड जी ब्लॉक, 7वीं मंजिल, नमन सेंटर, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई के साथ ।
  - साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) एसईसीएल भवन, सीपत रोड, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ और मैसर्स जिंदल पावर लिमिटेड, ओपी जिंदल सुपर थर्मल पावर प्लांट, तमनार, रायगढ़, छत्तीसगढ़ के साथ ।
  - नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, एटी + पीओ - सिंगरौली, एमपी और एमबी पावर लिमिटेड, लहरपुर, जैठारी, अनूपपुर, मध्य प्रदेश के साथ ।
  - महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड जागृति विहार और मेसर्स अडानी पावर महाराष्ट्र लिमिटेड, अडानी कॉरपोरेट हाउस, शांतिग्राम, वैष्णोदेवी सर्कल के पास, एसजी हाईवे, अहमदाबाद के साथ ।
  - सीएसआईआर-सीएमईआरआई ने माइकल मधुसूदन मेमोरियल कॉलेज, कबी गुरु सरनी, सिटी सेंटर, दुर्गापुर-713216, पश्चिम बंगाल के साथ जल गुणवत्ता आंकलन पर प्रति वर्ष 100 छात्रों के कौशल संवर्धन के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

**सहयोग/समझौते/हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन (अंतर्राष्ट्रीय)**

- वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद- राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद, आरहूस यूनीवर्सिटी, डेनमार्क और भूगर्भीय सर्वेक्षण डेनमार्क और ग्रीनलैंड के बीच भूजल संसाधनों और जलवाही स्तर (एक्वीफर्स) का पता लगाने संबंधी समझौता ज्ञापन ।
- वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद और डेनिश पेटेंट और ट्रेडमार्क ऑफिस के बीच पारंपरिक ज्ञान डिजिटल लाइब्रेरी एक्सेस करार ।

**पेटेंटों की स्थिति:**

| फाइल किए गए पेटेंट | | प्रदत्त पेटेंट | | पेटेंट अभियोजन | |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | विदेश* | भारत | विदेश* | भारतीय | विदेश |
| 52 | 19 | 1 1 | 20 | 20 | 62 |

* उक्त अवधि के दौरान आईपीयू को सूचित किया गया डाटा और बाद में राष्ट्रीय चरण प्रविष्टियों के दौरान बढ़ सकता है

**प्रदान की गई उच्च प्रभाव वाली एसएंडटी सेवाएं**

- सीएसआईआर-एनजीआरआई ने जल और खनिजों का हेलीबोर्न सर्वेक्षण किया और नेपाल में दूधकोशी भंडारण जलविद्युत परियोजना के अद्यतन व्यवहार्यता अध्ययन और विस्तृत डिजाइन के लिए ऑडियो-मैग्नेटोटेलुरिक (एएमटी) अध्ययन पूरा किया ।
- सीएसआईआर-नीरी ने दिल्ली जल बोर्ड की पेयजल गुणवत्ता आपूर्ति की निगरानी की
- सीएसआईआर-नीरी ने मिलेनियम पार्क, सराय काले खां, नई दिल्ली में सैनिटरी लैंडफिल एरिया के माध्यम से आरआरटीएस के निर्माण/संचालन के दौरान विषाक्तता विश्लेषण और सुझावात्मक उपाय किए ।
- सीएसआईआर-नीरी ने जलोपचार प्रौद्योगिकियों की प्रयोगशाला और क्षेत्र स्तरीय कार्यात्मकता का मूल्यांकन किया
- सीएसआईआर-नीरी ने तमिलनाडु राज्य में स्टोन क्रशिंग इंडस्ट्रीज और प्रक्रिया मानदंड से धूल उत्सर्जन का आंकलन किया
- सीएसआईआर-नीरी ने वर्ष 2017-19 तक जलवायु परिवर्तन संबंधी दिशानिर्देशों के लिए अंतर सरकारी पैनल पर आधारित घरेलू और औद्योगिक अपशिष्ट जल में मीथेन और नाइट्रस ऑक्साइड उत्सर्जन प्रवाह का अध्ययन किया
- सीएसआईआर-सीसीएमबी ने 115 नमूनों वाले 108 परिवारों के लिए आणविक नैदानिक सेवाएं प्रदान की ।
- सीएसआईआर-सीएमईआरआई: दिनांक 27 अक्टूबर 2021 को सीएसआईआर-एनपीएल कॉलोनी, दिल्ली में सीएसआईआर-सीएमईआरआई द्वारा विकसित स्वदेशी यांत्रिक संमार्जक प्रणाली मैकेनाइज्ड स्कैवेंजिंग सिस्टम का प्रदर्शन ।
- सीएसआईआर-सीआरआरआई:
    - केरल राजमार्ग अनुसंधान संस्थान के लिए एक प्रायोजित परियोजना "केरल राज्य में पेरियार नदी पर श्री शंकराचार्य पुल, कलाडी और एडवन्नाक्कदावु पुल, मलप्पुरम की संरचनात्मक सुरक्षा लेखा परीक्षा और पुनर्वासन" शुरू की ।

- एक परामर्शी परियोजना "पैच और सड़क के गड्ढे की मरम्मत के लिए रेडी टू यूज पैच मिश्रण का मूल्यांकन (मैसर्स वासुदेव कंस्ट्रक्शन कंपनी का एक उत्पाद) शुरू की ।
- एक परामर्शी परियोजना "अहमदाबाद में डिवाइडेड कैरिजवे के साथ फोर लेन रोड के लिए व्हाइटटॉपिंग की डिजाइन" शुरू की ।
- लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के लिए एक परामर्शी परियोजना "विभिन्न योजकों के साथ स्टोन मैट्रिक्स एसफाल्ट (एसएमए) का डिजाइन: चूना, उड़न राख, प्लास्टिक अपशिष्ट" शुरू की ।
- वशिष्ठ कंस्ट्रक्शन प्रा. लिमिटेड के लिए एक परामर्शी परियोजना “ए तथा एन द्वीप में एटीआर रोड के पीकेजी 3 तथा पीकेजी 4 की स्थिरीकृत आधारित परत का मूल्यांकन करने और उपचारात्मक उपाय बताने हेतु अन्वेषण” शुरू की ।
- ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के लिए एक परामर्शी परियोजना "ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के तहत सेक्टर केपी-III से हिंडन ब्रिज तक 60 मीटर एप्रोच रोड के लिए फुटपाथ डिजाइन" शुरू की ।

**आउटरीच गतिविधियां (जिज्ञासा, कौशल विकास और अन्य)**

- सीएसआईआर-आईआईसीटी ने राचाकोंडा सुरक्षा परिषद (आरकेएससी) के सहयोग से सुरवेल गांव, चौतुप्पल, तेलंगाना में दूरदर्शी ग्रामीण महिलाओं के लिए "उद्यमी विकास जागरूकता कार्यक्रम" आयोजित किया । इस कार्यक्रम में लगभग 100 ग्रामीण महिलाओं ने भाग लिया ।
- सीएसआईआर-सीएमईआरआई ने 18-29 अक्टूबर, 2021 तक उन्नत रोबोटिक्स पर एक ऑनलाइन औद्योगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया । इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ. बीसी रॉय इंजीनियरिंग कॉलेज, दुर्गापुर के छात्रों ने भाग लिया ।
- तेलंगाना सोशल वेलफेयर रेजिडेंशियल एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन्स सोसाइटी (टीएसडब्ल्यूआरईआईएस) के सहयोग से तेलंगाना राज्य के सरकारी स्कूल के शिक्षकों के लिए जिज्ञासा और वर्चुअल लैब पहल संबंधी एक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया ।
- सीएसआईआर-आईएचबीटी ने सीएसआईआर पुष्पोत्पादन मिशन के तहत वीपीओ हंगलोह, जिला कांगड़ा में फूलों की निर्जलीकरण प्रौद्योगिकी पर एक दिवसीय जागरुकता-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया ।

- सीएसआईआर-सीआरआरआई ने "फुटपाथ मूल्यांकन तकनीकें और रखरखाव तथा पुनर्वास के लिए उनके अनुप्रयोग" पर तीन दिवसीय नियमित ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया।
- सीएसआईआर-सीसीएमबी ने वन्यजीव सप्ताह समारोह आयोजित किया ।तनाव में जानवरों की मदद करने पर https://youtu.be/Gxxd5ZrUqfE पर एक नया वीडियो जारी किया गया
- सीएसआईआर-सीसीएमबी द्वारा वन्यजीव फोरेंसिक और अपराध नियंत्रण पर आईएफएस अधिकारियों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई
- सीएसआईआर-सीडीआरआई, सीएसआईआर-सीरी, सीएसआईआर-सीईसीआरआई और सीएसआईआर-सीजीसीआरआई ने इस माह के दौरान जिज्ञासा कार्यक्रम आयोजित किए ।
- इस माह के दौरान निम्नलिखित कौशल विकास पाठ्यक्रम/कार्यक्रम आयोजित किए गए ।

| **क्र. सं** | **प्रयोगशाला** | **कौशल विकास पाठ्यक्रम/कार्यक्रम** |
|---|---|---|
| 1. | सीएसआईआर-एनआईआईएसटी | 1. बायोरिएक्टर और किण्वन का पैमाना<br>2. विलयन और कपड़ा अपशिष्ट जल से कार्बनिक रंजकों का अपनयन<br>3. औद्योगिक उप-उत्पादों से नवोन्मेषी भवन सामग्री |
| 2. | सीएसआईआर-आईआईसीटी | 1. विश्लेषण के स्पेक्ट्रोस्कॉपिक और क्रोमैटोग्राफिक सहित रसायन विश्लेषण की आधुनिक विधियां<br>2. जल शुद्विकरण एवं जल विश्लेषण<br>3. विश्लेषण के स्पेक्ट्रोस्कॉपिक और क्रोमैटोग्राफिक सहित रसायन विश्लेषण की आधुनिक विधियां<br>4. एडवांस्ड एनैलिटिकल कैमिस्ट्री |
| 3. | सीएसआईआर-आईएचबीटी | क्वालिटी कंट्रोल बायोलॉजिस्ट्स |
| 4. | सीएसआईआर-सीबीआरआई | संरचनात्मक कीट प्रबंधन |
| 5. | सीएसआईआर-सीडीआरआई | जैवविज्ञान (लाइफसाइंसिस) हेतु इलेक्ट्रॉन |

| | | |
|---|---|---|
| | | माइक्रोस्कॉपी तकनीकें |
| 6. | सीएसआईआर-सीईसीआरआई | क्रोमैटोग्राफी और थर्मल विश्लेषण |
| 7. | सीएसआईआर-सीएमईआरआई | जल गुणवत्ता प्रबंधन हेतु विश्लेषण तकनीकें और उपकरणन |

**भारत @75 अथवा आजादी का अमृत महोत्सव/भारतीय स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित समारोह**

- सीएसआईआर-एनजीआरआई ने अपने एयरबोर्न जियोफिजिक्स का प्रदर्शन किया : आजादी का अमृत महोत्सव सफलता की कहानी वेबिनार सीरीज में खनिज एवं भूजल संसाधनों का तेजी से अंवेषण

- सीएसआईआर-आईआईसीटी ने 1 अक्टूबर, 2021 को संस्थान के स्टाफ द्वारा "आजादी का अमृत महोत्सव" मनाने के लिए "फिट इंडिया फ्रीडम रन 2.0" आयोजित किया । संस्थान द्वारा व्याख्यानों की श्रृंखला भी आयोजित की गई ।

- सीएसआईआर-सीएसएमसीआरआई ने "स्वतंत्र भारत @75 सत्यनिष्ठा से आत्मनिर्भरता" पर ऑनलाइन व्याख्यान आयोजित किया ।

- सीएसआईआर-सीआरआरआई ने आजादी का अमृत महोत्सव मनाया और सफलता की 80 कहानियों को विशिष्ट रूप से दर्शाने वाले सीएसआईआर के नए अभियान में भाग लिया । इस अभियान के भाग के रूप में डॉ. कंवर सिंह, सीनियर प्रिंसिपल साइंटिस्ट ने "बॉक्स जैकिंग तकनीक सहित सीएसआईआर-सीआरआरआई की सोइल नेलिंग के इस्तेमाल से अंडरपास का निर्माण" पर व्याख्यान दिया ।

**उच्च स्तरीय गणमान्य व्यक्तियों द्वारा संस्थान/प्रयोगशाला का दौरा**

- श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, माननीय केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री और डॉ. जितेन्द्र सिंह, माननीय केन्द्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); प्रधानमंत्री कार्यालय तथा कार्मिक एवं शिकायत और पेंशन मंत्रालय; आणविक ऊर्जा

विभाग और अंतरिक्ष विभाग में राज्य मंत्री ने जोधपुर, राजस्थान में 5 अक्टूबर, 2021 को शुष्क क्षेत्रों में भूजल प्रबंधन हेतु अत्याधुनिक हेलिबोर्न सर्वेक्षण प्रौद्योगिकी का उद्घाटन किया ।

- महानिदेशक, सीएसआईआर की अगुवाई में सीएसआईआर के शिष्टमंडल ने 7-10 अक्टूबर के दौरान संघ राज्य क्षेत्र लद्दाख का दौरा किया जिसके दौरान शिष्टमंडल ने संघ राज्य क्षेत्र में सीएसआईआर की विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पहलों की समीक्षा की ।

**विभागीय गतिविधियां**

वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग (डीएसआईआर) को प्रौद्योगिकी संवर्धन, विकास तथा समुपयोजन के साथ ही औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने का दायित्व सौंपा गया है। देश में अनुसंधान तथा विकास को बढ़ावा देने तथा संपोषित करने की दृष्टि से, विभाग औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास संवर्धन कार्यक्रम, वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान संगठनों (साइरोज) तथा सरकारी वित्त पोषित अनुसंधान संस्थानों (पीएफआरआईएस) के लाभ के लिए नहीं, उद्योगों की संस्थागत अनुसंधान एवं विकास इकाइयों को मान्यता प्रदान एवं उनका पंजीकरण करता है और संबंधित सरकारी अधिसूचनाओं (समय-समय पर यथसंशोधित) के तहत इन मान्यताओं/पंजीकरणो का समय-समय पर नवीकरण करता है जिसके आधार पर इन संगठनों को उद्योग द्वारा अनुसंधान तथा विकास पर सीमा-शुल्क छूट, माल तथा सेवा कर (जीएसटी) रियायत तथा भारित कर कटौती (आयकर अधिनियम की धारा 35 (2एबी) के तहत) प्राप्त होती है। यह योजना देश में औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने में सहायता प्रदान करती है।

**औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास संवर्धन कार्यक्रम**
**उद्योग में संस्थागत अनुसंधान और विकास (आर एंड डी )की मान्यता/पंजीकरण तथा नवीनीकरण**

• उद्योगों की 13 संस्थागत अनुसंधान एवं विकास इकाईयों को मान्यता प्रदान करने के साथ-साथ पंजीकरण प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।
• उद्योगों की 89 संस्थागत अनुसंधान एवं विकास इकाईयों को पुनःमान्यता प्रदान करने के साथ-साथ संस्थागत अनुसंधान एवं विकास इकाईयों को पंजीकरण प्रमाण-पत्रों को पुनः मान्यता प्रदान की गई।

**वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान शोध संगठन (एसआईआरओ)**
**एसआईआरओ की मान्यता/पंजीकरण तथा नवीनीकरण**

- 09 एसआईआरो को मान्यता और 05 को पंजीकरण प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

- 55 एसआईआरो को नवीकरण की मान्यता दी गयी और 42 को पंजीकरण प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

**सार्वजनिक निधि प्राप्त अनुसंधान संस्थान (पीएफ़आरआई)**
**पीएफ़आरआई का पंजीकरण तथा नवीकरण**

•55 पीएफ़आरआई को पंजीकरण प्रमाणपत्र प्रदान किया गया।

**उद्योग द्वारा अनुसंधान और विकास हेतु वित्तीय प्रोत्साहन**
•औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास पर भारित कर कटौती के लिए आईटी अधिनियम की धारा 35(2एबी) के तहत फॉर्म 3सीएल में 79 रिपोर्ट सीसीआईटी को प्रस्तुत की गई जिसमें कुल 345645.70लाख रुपए की राशि शामिल है।

**सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम**

**सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (सीईएल)**

सीईएल डीएसआईआर का उपक्रम है जिसका उद्देश्य देश में राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं तथा अनुसंधान एवं विकास संस्थानों द्वारा विकसित स्वदेशी प्रौद्योगिकियों का व्यावसायिक रूप से समुपयोजन करना है। इसने अपने स्वयं के अनुसंधान और विकास प्रयासों से देश में पहली बार अनेक उत्पादों का विकास किया है और यह रेलवे एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण/घटकों एवं अन्यों हेतु सोलर फोटोवोल्टैक प्रणाली, इलेक्ट्रॉनिक्स गजट्स के क्षेत्र में अपनी अग्रणी भूमिका पर सतत बल देता रहा है।
• कंपनी ने अक्तूबर,2021 के दौरान 2013.56 लाख रुपए मूल्य के इलेक्ट्रॉनिक घटकों सिस्टम्स/ एसपीवी उत्पादों का विनिर्माण किया।
• अक्तूबर, 2021 के दौरान,1721.27 लाख रुपए मूल्य का माल बेचा गया।

**राष्ट्रीय अनुसंधान विकास निगम (एनआरडीसी)**

एनआरडीसी विश्वविद्यालयों, तकनीकी संगठनों, उद्योगों तथा व्यक्तिक आविष्कारों के साथ ही साथ दीर्घावधि संबंधों को पोषित करते हुए प्रौद्योगिकी संसाधन आधार को व्यापक और सुदृढ करने पर ज़ोर देता आ रहा है।

• एनआरडीसी ने वाणिज्यिक उपयोग उद्योगों को 10 प्रौद्योगिकी लाइसेंस दिया है। आयुष -64 (एक आयुर्वेदिक दवा जिसे कोविड -19 के हल्के से मध्यम मामलों के प्रतिकूल उपयोग के लिए पुनः तैयार किया गया है) के निर्माण के लिए पाँच प्रौद्योगिकी प्रदान किया गया है। एनआरडीसी को अक्तूबर, 2021 के दौरान एनआरडीसी को आईआईटी,रूड़की द्वारा 3 प्रौद्योगिकी प्रदान की गयी गई है।

• एनआरडीसी ने अक्तूबर, 2021 के दौरान संबंधित प्रौद्योगिकियों से 35.35 लाख रुपये का प्रीमियम और 33.52 लाख रुपये की रॉयल्टी एकत्र की है।